अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**08 SEP. 2023**

**USEFUL FOR**

# IAS | PCS

**& other civil services exams**




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. जापान ने 'मून स्नाइपर' को H-IIA रॉकेट पर किया लॉन्च**



- जापान ने अपने चंद्र अन्वेषण अंतरिक्ष यान 'मून स्नाइपर' को एक स्वदेशी H-IIA  रॉकेट पर लॉन्च किया है, जिससे अगले साल की शुरुआत में चंद्रमा पर उतरने वाला दुनिया का पांचवां देश बनने का रास्ता साफ हो गया है।
- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) ने कहा कि रॉकेट ने योजना के अनुसार दक्षिणी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेशन मून (SLIM) को सफलतापूर्वक छोड़ा।
- **प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्य बातें**
- JAXA की स्थापना: 1 अक्टूबर 2003;
- JAXA के अध्यक्ष: यामाकावा हिरोशी;
- JAXA  का मुख्यालय: चोफू, टोक्यो, जापान।

**2. सांची: भारत का पहला सोलर नगर, पर्यावरण के लिए एक मिसाल**



- मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची भारत का पहला सौर शहर बन गया है।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी औपचारिक शुरुआत की।
- सांची के पास नागौरी में इसकी क्षमता 3 मेगावाट है, जो वार्षिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 13,747 टन तक कम कर देगा।
- यह 2,38,000 से अधिक पेड़ों के बराबर है।
- **प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्य बातें**
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री: शिवराज सिंह चौहान;
- मध्य प्रदेश की राजधानी: भोपाल;
- मध्य प्रदेश आधिकारिक फल: आम;
- मध्य प्रदेश के राज्यपाल: मंगूभाई सी. पटेल।

**3. G20 शिखर सम्मेलन स्थल पर विश्व की सबसे ऊंची नटराज प्रतिमा स्थापित की गई**



- दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में दुनिया की सबसे ऊंची नटराज प्रतिमा स्थापित की गई है।
- 20 टन वजनी 28 फुट ऊंची प्रतिमा को तमिलनाडु के तंजावुर जिले के स्वामीमलाई में मूर्तिकार राधाकृष्णन स्तापथी और उनकी टीम ने सात महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया था।
- मूर्ति का निर्माण पारंपरिक ढलाई विधि का उपयोग करके अष्टधातु (8 धातुओं) में किया गया था।

**4. शिक्षा मंत्रालय ने 1 से 8 सितंबर 2023 तक मनाया लिटरेसी वीक**




- भारत सरकार ने ULLAS-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में सभी हितधारकों/लाभार्थियों/नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने के लिए 1 सितंबर से 8 सितंबर 2023 तक साक्षरता सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**5. नीरज मित्तल ने दूरसंचार विभाग के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला**




- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी नीरज मित्तल को दूरसंचार विभाग में सचिव नियुक्त किया है।
- नीरज मित्तल वर्तमान में तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में मुख्य सचिव के पद पर हैं।
- इस पद से पहले, उन्होंने विश्व बैंक समूह में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया और उन्होंने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी सेवा किया।

**6. पहला अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस: 7 सितंबर**




- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस प्रतिवर्ष 7 सितंबर को आयोजित करने की घोषणा की गई है।
- इसकी थीम है- महिलाएँ, शांति और सुरक्षा।
- यह इंटरपोल की स्थापना को मनाने और शांति, सुरक्षा और न्याय बनाए रखने दुनिया भर से कानून प्रवर्तन की भूमिका को उजागर करने के लिए बनाया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2022 में अपने 77 वें सत्र के दौरान 7 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस के रूप में नामित किया ।
- इस दिवस का पहला संस्करण 7 सितंबर, 2023 को इंटरपोल की 100 वीं स्थापना वर्षगांठ के साथ मनाया जाएगा।

**7. COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल (C-TAP) ने 'मेडिसिन पेटेंट पूल' (MPP) के माध्यम से प्राप्त तीन नए लाइसेंसिंग समझौतों की घोषणा की**



- हाल ही में COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल (C-TAP) ने 'मेडिसिन पेटेंट पूल' (MPP) के माध्यम से प्राप्त तीन नए लाइसेंसिंग समझौतों की घोषणा की है
- बता दें कि 'C-TAP' एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसे मई 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और कोस्टा रिका सरकार द्वारा लॉन्च किया गया था
- इसकी लॉन्चिंग 44 WHO सदस्य देशों, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, यूनिटएड, यूएनएड्स जैसे कार्यान्वयन भागीदारों के सहयोग से हुई थी
- C-TAP सॉलिडैरिटी कॉल टू एक्शन के सिद्धांतों के तहत काम करता है

**8. महिंद्रा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को प्रायोजित करेगा**




- महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए स्टार स्पोर्ट्स के साथ सहयोगी प्रायोजक होगी।
- आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान स्टार स्पोर्ट्स के प्रसारण सहयोगी प्रायोजक और डिज़्नी+हॉटस्टार के सह-संचालित प्रायोजक के रूप में, ऑटो प्रमुख का लक्ष्य अपने प्रमुख लक्षित बाजारों में विशाल दर्शकों तक पहुंचना है, जिससे पूरे क्रिकेट सीज़न में अपनी दृश्यता मजबूत हो सके।

**9. ओडिशा के रायगड़ा शॉल और कोरापुट के काला जीरा चावल ने जीआई टैग का दर्जा प्राप्त कर लिया**

- 
- ओडिशा में रायगड़ा जिले के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) डोंगरिया कोंध के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में, उनके उत्कृष्ट हाथ से बुने हुए शॉल, जिन्हें कपडागंडा के नाम से जाना जाता है,
- प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त करने के कगार पर हैं, जबकि कोरापुट जिले का 'कोरापुट कालाजीरा' चावल, जिसे अक्सर 'चावल का राजकुमार' कहा जाता है, ने भौगोलिक संकेत (जीआई) का दर्जा प्राप्त कर लिया है।

**10. हिमाचल प्रदेश की सरकार ने विकलांग बच्चों के लिए प्रारंभ की 'सबल योजना'**

- 

- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 4 सितंबर 2023 को मुख्यमंत्री खेल क्षमता, पुनर्निर्माण आकांक्षाएं और आजीविका योजना (SABAL) की शुरुआत की।
- SABAL योजना का उद्देश्य हमीरपुर, सोलन और शिमला जिलों के लगभग 400 स्कूलों में विशेष रूप से विकलांग बच्चों की देखभाल करना है। सीएम सुक्खू ने कहा कि सबल योजना का उद्देश्य राज्य में दिव्यांग बच्चों के जीवन में सुधार लाना है।

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में किस देश ने अपने चंद्र अन्वेषण अंतरिक्ष यान 'मून स्नाइपर' को एक स्वदेशी H-IIA रॉकेट पर लॉन्च किया है?**
   (a) अमेरिका
   (b) जापान
   (c) रूस
   (d) चीन
2. **विश्व धरोहर स्थल सांची भारत का पहला सौर शहर बन गया, यह किस राज्य में स्थित है?**
   (a) मध्य प्रदेश
   (b) उत्तर प्रदेश
   (c) गुजरात
   (d) झारखण्ड
3. **दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में दुनिया की सबसे ऊंची नटराज प्रतिमा स्थापित की गई है। यह मूर्ति किसने बनाई है?**
   (a) सुबोध गुप्ता
   (b) शिल्पा गुप्ता
   (c) रविंदर रेड्डी
   (d) राधाकृष्णन स्थापथी
4. **भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने के लिए कब से कब तक साक्षरता सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया है?**
   (a) 1 से 8 सितंबर
   (b) 2 से 9 सितंबर
   (c) 1 से 7 सितंबर
   (d) 3 से 10 सितंबर
5. **हाल ही में किसे को दूरसंचार विभाग में सचिव नियुक्त किया है?**
   (a) सिद्धार्थ मुखर्जी
   (b) लोकेश सूजी
   (c) नीरज मित्तल
   (d) इनमे से कोई नही
6. **पहला अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस कब मनाया जाएगा?**
   (a) 7 सितंबर
   (b) 8 सितंबर
   (c) 9 सितंबर
   (d) 10 सितंबर
7. **हाल ही में चर्चित 'C-TAP' किस संगठन / संस्थान की एक पहल है?**
   (a) विश्व बैंक
   (b) विश्व स्वास्थ्य संगठन
   (c) नीति आयोग
   (d) संयुक्त राष्ट्र
8. **5 अक्टूबर से शुरू होने वाले ICC क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए कौन सी कंपनी स्टार स्पोर्ट्स की सहयोगी प्रायोजक होगी?**
   (a) Tata
   (b) Mahindra & Mahindra
   (c) Jio
   (d) Vivo
9. **रायगड़ा शॉल और कोरापुट के काला जीरा चावल ने जीआई टैग का दर्जा प्राप्त कर लिया, यह किस राज्य से संबंधित है?**
   (a) तमिलनाडु
   (b) केरल
   (c) ओडिशा
   (d) मध्य प्रदेश
10. **हाल ही में विकलांग बच्चों के लिए 'सबल योजना' किसने प्रारंभ की है?**
    (a) हिमाचल प्रदेश
    (b) उत्तराखंड
    (c) पंजाब
    (d) हरियाणा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (a) | (d) | (a) | (c) | (a) | (b) | (b) | (c) | (a) |